दिन– सोमवार दिनांक– 01 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारतीय रिजर्व बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे।

02. प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को आज से पंद्रह पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, बेगूसराय में आयोजित रणधीर वर्मा अंतर जिला अंडर–नाइन्टिन क्रिकेट टूर्नामेंट में समस्तीपुर ने वैभव सूयवंशी के तिहरे शतक की बदौलत सहरसा को हराया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारतीय रिजर्व बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक अप्रैल उन्नीस सौ पैंतीस से कार्य करना शुरू किया था। इस समारोह में केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड तथा पंकज चौधरी भी हिस्सा लेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस का लोकसभा चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं है बल्कि यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत पाचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बना तो पच्चीस करोड से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि जब भारत तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनेगा तो गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा

और मध्यम वर्ग देश की प्रगति को गति देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए बडी लडाई लड रहे हैं और इसी कारण बड़े भ्रष्ट लोग सलाखों के पीछे हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार अप्रैल को जमुई से बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला बिहार दौरा होगा। जमुई से एनडीए के घटक दल लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार अरूण भारती चुनावी मैदान में हैं। इधर, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया है कि चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड–शो के साथ ही कई जगह रैलियों को भी संबोधित करेंगे। पहले चरण में औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में चुनाव होना है। इन चारों लोकसभा क्षेत्र में उन्नीस अप्रैल को मतदान होंगे।

———————————————————————————

इधर, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने भी दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली की। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन के लिए की गई। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को धमकाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सभी पार्टियों को समान अवसर उपलब्ध नहीं हैं। श्री खड़गे ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए है और विपक्ष को एकजुट होकर लड़ना चाहिए।

———बाईट———

चाहे हमारे कितना भी मतभेद हो लेकिन यहां एक होकर, एक मंच पर हम आते हैं। हम देश के एकता के लिए, अखंडता के लिए एक मंच पर हैं। ये इंण्डिया गठबंधन जो बना, देश के रक्षा के लिए, लोगों के रक्षा के लिए और आपके हिफाजत के लिए बना या किसी व्यक्ति के बारे में नहीं।

इस रैली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता तथा झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन समेत महागठबंधन के कई नेता शामिल हुए। पिछले वर्ष जून में पटना में गठबंधन की घोषणा के बाद आईएनडीआई गठबंधन के नेताओं की

यह पहली सार्वजनिक बैठक थी। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि यह लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं बल्कि, परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार छुपाओ रैली है।

————————————————————————————

इलेक्ट्रीक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए पांच सौ करोड़ रूपये की नई प्रोत्साहन योजना आज से लागू होगी। यह योजना जुलाई तक जारी रहेगी। इसके तहत प्रति दो पहिया ई–वाहन की खरीद पर दस हजार रूपये तक का अनुदान प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य लगभग तीन लाख से अधिक दो पहिया वाहनों के लिए सहायता प्रदान करना है। वहीं, छोटे तिपहिया वाहनों ई–रिक्शा और ई–कार्ट की खरीद पर पच्चीस हजार रूपये तक की सहायता दी जाएगी। बड़े तिपहिया वाहन के मामले में पचास हजार रूपये तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

————————————————————————————

प्रदेश में आज से बिजली उपभोक्ताओं को नई दर पर पंद्रह पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली उपलब्ध होगी। विद्युत विनियामक आयोग की ओर से दिये गये निर्णय के बाद राज्य सरकार ने सब्सिडी जारी रखी है। नई बिजली दर लागू होने से कुटिर ज्योति वाले को एक रूपये सत्तानवे पैसे प्रति यूनिट, ग्रामीण घरेलू को दो रूपये पैंतालीस पैसे, शहरी घरेलू को सौ यूनिट तक चार रूपये बारह पैस प्रति यूनिट और सौ यूनिट से अधिक खपत पर पांच रूपये बावन पैसे प्रति यूनिट लगेगी। फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

————————————————————————————

पटना हवाई अड्डा प्रशासन ने चौवालीस जोड़ी विमानों का समय सारणी जारी कर दी है। यह सारणी छब्बीस अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत पटना से अयोध्या के लिए अब प्रतिदिन विमान सेवा उपलब्ध रहेगी। पटना हवाई अड्डा प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब पटना से दिल्ली के लिए प्रतिदिन चौदह, बैंगलूरू के लिए छह, मुम्बई के लिए पांच और कोलकाता के लिए तीन विमान उपलब्ध होंगे। इधर, गोवा की सीधी उड़ान सेवा बंद हो गयी है। वहीं, पहली बार आकाशा एयरलाईंस ने पटना से अपनी सेवा की शुरूआत की है।

————————————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में बढ़ोतरी होने से गर्मी का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के पटेल ने कहा कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने की संभावना है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर गर्म हवा चल सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दो हजार चौबीस की उत्तर पुस्तिकाओं के स्क्रूटनी के लिए तिथि जारी कर दी है। यदि कोई विद्यार्थी अपने किसी भी एक विषय के प्राप्तांक से खुश नहीं है तो उनके लिए स्क्रूटनी का अवसर दिया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए तीन से नौ अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इधर, मैट्रिक विशेष परीक्षा और मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म तीन से नौ अप्रैल तक भरा जाएगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीयूईटी में आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर पांच अप्रैल कर दी है। अब छात्र पांच अप्रैल को रात नौ बजकर पचास मिनट तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस मार्च थी। दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया के लिए छात्रों को तीन चरणों का पालन करना होगा। पहले चरण के तहत छात्रों को सीयूईटी के पोर्टल पर नामांकन करना होगा और निर्धारित फीस भरनी होगी। नामांकन के बाद छात्र पोर्टल पर मौजूद विश्वविद्यालयों में अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

पटना से जारी दुनिया के पहले 'कॉपर डाक टिकट' के विमोचन के दो सौ पचास वर्ष पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर पटना जीपीओ में आयोजित विशेष आवरण विमोचन समारोह में राज्य के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि अजीमाबाद पटना में दो सौ पचास वर्ष पहले यह डाक टिकट जारी किया गया था।

समारोह में सेवानिवृत जस्टिस राकेश कुमार, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर रासबिहारी सिंह, पद्मश्री विमल कुमार, प्रख्यात शिक्षाविद् खान सर समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

————————————————————————————

बेगूसराय में आयोजित रणधीर वर्मा अंतर जिला अंडर–नाइन्टिन क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मुकाबले में समस्तीपुर ने सहरसा को दो सौ इक्यासी रनों से पराजित कर दिया। इस मैच में समस्तीपुर के वैभव सूयवंशी ने अड़तालीस चौके और पंद्रह छक्कों की मदद से तीन सौ बत्तीस रन की शानदार पारी खेली। इस टूर्नामेंट के इतिहास में यह पहला तिहरा शतक है। समस्तीपुर की टीम ने निर्धारित पचास ओवर में एक विकेट के नुकसान पर पांच सौ रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में सहरसा की पूरी टीम दो सौ उन्नीस रन के स्कोर पर सिमट गयी।

इधर, बेगूसराय में खेले जा रहे बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में, तमिलनाडु की टीम ने कर्नाटक को उनतीस–सत्रह से हराया।

————————————————————————————

किशनगंज जिले में एसएसबी के जवानों ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से अमरीकी ड्राइविंग लाइसेंस सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए हैं।

————————————————————————————

जमुई में उत्पाद विभाग ने शिक्षा विभाग के एमडीएम कार्यालय में शराब के नशे में दो कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

खगड़िया जिला के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत महद्दीपुर पंचायत के खरोवा गांव में पुलिस ने हवाई फायरिंग के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल, बारह कारतूस बरामद किया है।

————————————————————————————

मुंगेर के ईस्ट कॉलोनी में पिछले दिनों हुयी चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों आरोपी भागलपुर जिले के नाथनगर के रहने वाले हैं।

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– महा रैलियों से चुनावी महासंग्राम का आगाज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा– भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई जारी रहेगी।

**आज** अखबार ने भी इंडी गठबंधन के चुनाव प्रचार की खबरों को प्रमुख खबर बनाया है। अखबार लिखता है– विपक्ष ने भरी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की हुंकार।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– कांग्रेस ने किशनगंज से मोहम्मद जावेद और कटिहार से तारीक अनवर को उम्मीदवार बनाया।

**दैनिक जागरण** लिखता है– पप्पू की आवक और राजद के साथ गठबंधन से क्षुब्ध अनिल शर्मा ने छोड़ी कांग्रेस।

**दैनिक भास्कर** ने मैट्रिक के नतीजों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– बिहार बोर्ड की परीक्षा में पूर्णिया के शिवांकर टॉपर। मैट्रिक रिजल्ट में बयासी दशमलव नौ–एक प्रतिशत पास।

**राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है– राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को प्रदान किया भारत रत्न।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारतीय रिजर्व बैंक के नब्बे वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे।

02. प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को आज से पंद्रह पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

04. और, बेगूसराय में आयोजित रणधीर वर्मा अंतर जिला अंडर–नाइन्टिन क्रिकेट टूर्नामेंट में समस्तीपुर ने वैभव सूयवंशी के तिहरे शतक की बदौलत सहरसा को हराया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।